विषय: महाप्रबंधक के एम.पी.आर. के लिए माह जून’2022 का मुख्याँश।

मुख्याँश (Highlights)

1.0 प्रमुख उपलब्धियां:

i) **दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में यात्रियों की सुविधा हेतु प्लेटफॉर्म में लिफ्ट की सुविधा:**

a) रायपुर डिवीजन के भाटापारा **स्टेशन** के प्लेट फॉर्म नं. **5** में यात्री सुविधा हेतु, **01 नग लिफ्ट** (Omega make) का कमीशनिंग का कार्य दिनांक **30.06.2022** को पूर्ण कर लिया गया है।

i) विद्युत् लोको प्रशिक्षण केंद्र, उसलापुर में **Kitchen waste के उपयोग से बायो गैस प्लांट के द्वारा जून**’2022 के दौरान कुल 6020.00 cum गैस उत्पन्न हुई, जिससे लगभग 6 व्यावसायिक सिलेंडरों (Comm LPG cylinder) की बचत हुई। इस प्रकार से रु. 15450/- (प्रति सिलेंडर रु. 2575/-की दर से) की बचत की गयी|

ii) वाणिज्य विभाग ने विद्युत् लोको शेड, भिलाई के 05 डब्ल्यूएपी-7 इलेक्ट्रिक लोको की बाहरी दीवारों पर विज्ञापन के लिए 05 साल की अवधि के लिए **"तनिशा प्रमोटर्स",** रायपुर के साथ रुपये 10,54,000/- का अनुबंध किया है जोकि दिनांक 21.04.2022 से प्रभावी है। इस अनुबंध के तहत जून माह के दौरान कुल रु. 16541/- की आय हुई है |

iii) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्थापित 20 सोलर उर्जा संयंत्रों में नेट मीटरिंग की व्यवस्था की जा चुकी है जिससे मई माह में सोलर नेट मीटरिंग से 53805 यूनिट्स एनर्जी एक्सपोर्ट हुआ है जिसके कारण रेलवे को रु. 81481/- की आय हुई है |

2.0 अन्य उपलब्धियाँ:

2.1 विद्युत रोलिंग स्टॉक मरम्मत एवं परिचालन की उपलब्धियाँ:

i) माह जून’2022 के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विद्युत लोको शेड का औसत मालगाड़ी लोको का आउटेज 384.36 (+15.3 लोको) रहा जो टारगेट 373.1 से 3.02% अधिक है।

ii) माह जून ’2022 के दौरान विद्युत लोको शेड भिलाई में 04 WAG-9H लोको संख्या **41619,**

41620, 41609 एवं 33592 का कमीशनिंग कर यातायात में सम्मिलित किया गया। इस प्रकार से भिलाई शेड में कुल तीन फेज लोको की संख्या 264 (WAG-9: 213 & WAP-7: 51) एवं बिलासपुर शेड WAG-9: 104 हो गयी है।

iii) इस माह विद्युत लोको शेड भिलाई में चार WAG-7 लोको में एवं 16 WAG-9 लोको में DPWCS लगाया गया| इसके साथ ही DPWCS लोको की संख्या 171 (85 पेयर्स) हो गयी है एवं DPWCS पुश पुल पेयर्स बनाकर यातायात में सम्मिलित किये गए|

iv) इस माह विद्युत लोको शेड भिलाई के द्वारा लोको संख्या 31285/31294, 41619/41620 एवं 31874/31868 WAG-9 का 03 MU बनाया गया |

v) इस माह के अंत तक विद्युत् लोको शेड भिलाई के द्वारा मानसून पूर्व सावधानी के अंतर्गत 233 लोकोमोटिव में **"रेन वाटर प्रोटेक्शन"** का कार्य सुनिश्चित किया गया।

vi) इस माह भिलाई शेड के लोको संख्या 30213 एवं 30491 में RMS (रिमोट मॉनिटिरिंग सिस्टम) कमीशन कर यातायात में सम्मिलित किया गया। इस प्रकार कुल 16 लोको में यह पूर्ण हो चुका है|

2.2 डीज़ल लोको की उपलब्धियाँ:

i) इस महीने के दौरान, डीजल लोको शेड, रायपुर का औसत फ्रेट आउटेज बोर्ड के लक्ष्य 152.70 के मुकाबले 164.81 था| इस प्रकार रेलवे बोर्ड के लक्ष्य से माल इंजनों का आउटेज 7.93% अधिक था|

1. **DLS/R मे सहायक विद्युत इकाई (APU) का निष्पादन:** कुल 30 इंजनों को ए.पी.यू प्रणाली से सुसज्जित किया गया है, सिस्टम में दर्ज अनुकूल ए.पी.यू घंटे 4671.49 घंटे और ए.पी.यू कार्य समय 289.51 घंटे यानी 6.19% ए.पी.यू APU उपयोग मे थे। परिणामस्वरूप, जून-2022 के महीने में 4053.14 लीटर एचएसडी तेल की बचत हुई।

2.3 विद्युत कर्षण वितरण (Traction Distribution) की उपलब्धियाँ:

i) **द.पू.म.रे. में विद्युत् संस्थापनाओं के ऊर्जायन की अनुमति:**

a) "द.पू.म.रे. के रायपुर मंडल मे **BMY केबिन में I, J & F केबिन की ओ.एच.ई.** का लोकेशन 52/DE-1 से लोकेशन X-O/8N तक (TKM- 0.302) के ऊर्जायन की अनुमति प्रदान की गयी ।

b) द.पू.म.रे. के बिलासपुर मंडल में **मेसर्स सरगुजा रेल कोरिडोर प्राइवेट लिमिटेड** के **प्राइवेट साइडिंग के परसा इंप्लांट यार्ड** में डायवर्सन लाइन की ओ.एच.ई. का लोक 72/25N, Ch : 705.70 से 73/31A&31B, Ch : 692.70 पोस्ट साइलो परसा यार्ड तक का, 1 क्रॉस ओवर सहित (0.968 टी.के.एम.) के ऊर्जायन की अनुमति प्रदान की गयी।

c) द.पू.म.रे. के नागपुर मंडल मे, मेमू रेक के रख रखाव के लिए, **डेमू शेड गोंदिया की लाइन नं 2 की ओ.एच.ई.** का मास्ट लोकेशन DS/7 से लोकेशन DS/27 तक (टी.के.एम 0.560) के ऊर्जायन की अनुमति प्रदान की गयी।

d) द.पू.म.रे. के बिलासपुर मंडल अनुपपुर-कटनी तीसरी लाइन के कार्य के सन्दर्भ में **अमलाई स्टेशन यार्ड में** लाइन नं. 5 (अप मेन) एवं लाइन नं. 6 (अप मेन आउटर जॉइंट लाइन) एवं लाइन नं. 6 (अप मेन आउटर जॉइंट लाइन) एवं लाइन नं. 7 (अप एंड डाउन आर एंड डी. लाइन-3) के बीच 4 नं.

क्रॉस ओवर की ओ.एच.ई. (1.200 टी.के.एम.) एवं **<u>1.431 कि.मी. एलुमिनियम फीदर वायर का लोकेशन अप मेन आउटर जॉइंट लाइन F-1 से 881/7A तक के ऊर्जायन</u>** की अनुमति प्रदान की गयी।

e) "द.पू.म.रे. के नागपुर मंडल मे चाचेर में **<u>एनटीपीसी मौदा साइडिंग</u>** (चरण- II) के **<u>ओएचई का रिसेप्शन यार्ड से इम्प्लांट यार्ड तक यार्ड</u>** लाइनों सहित (Ch: 8088, Loc. 8/1001 से Ch: 14039.00, Loc. 14/FL-7=1.624 TKM), (Ch : 9969.00, लोकेशन 9/1005N से Ch: 12289.00, Loc. 12/1105N=6.842 TKM) और (Ch: 12561.00, Loc. 12/1113N से Ch: 13939, Loc. 13/FL-35=2.601 TKM) तक की ओ.एच.ई. (कुल टीकेएम: 11.067) के ऊर्जायन की अनुमति प्रदान की गयी।

f) "द.पू.म.रे. के नागपुर मंडल मे, राजनांदगांव-कलुमना तीसरी लाइन कार्य के संबंध में, **<u>चाचेर-तारसा सेक्शन में, चाचेर /एस.एस.पी.</u>** [Km 1098/704.25] के ऊर्जायन की अनुमति प्रदान की गयी ।

g) द.पू.म.रे. के बिलासपुर मंडल मे, BSP-JSG 4th लाइन कार्य के संबंध में, **<u>खरसिया /टी.एस.एस.</u>** में,पुराने 132/25 KV, **<u>13.5/20 MVA ट्रेक्सन पावर ट्रांसफार्मर</u>** (Bay-II) की जगह एक नं. नए **<u>132KV/27KV, 30/42 MVA ट्रेक्सन पावर ट्रांसफार्मर</u>** का संबंधित उपकरणों सहित एवं KHS/TSS में 2 नं BM 4th लाइन के लिए तथा अतिरिक्त 1 नं BM & 1 नं BX खरसिया-धरमजयगढ़ लाइन के लिए, के ऊर्जायन की अनुमति प्रदान की गयी।

h) "द.पू.म.रे. के नागपुर मंडल मे, राजनांदगांव-पनिआजोब तीसरी लाइन कार्य के संबंध में, **<u>मुसरा-जटकन्हार सेक्शन में, मुसरा/एस.पी.</u>** [लोकेशन 917/1-3, चैनेज 917/70.25] के ऊर्जायन की अनुमति प्रदान की गयी ।

2.4 ऊर्जा प्रबंधन:

i) ट्रेक्शन ऊर्जा-

a) माह जून-22 के दौरान ट्रेक्शन ऊर्जा की खपत 142.20 मिलियन यूनिट हुई, जो जून -21 में 130.22 मिलियन यूनिट की तुलना में 9.19% अधिक है। पिछले वर्ष माह जून -'21 के दौरान GTKM (Goods + Coaching) 10949182 (000'GTKM) था जबकि इस वर्ष माह जून '22 के दौरान GTKM (Goods + Coaching) 13519037 (000'GTKM) है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23.47% अधिक है। जून -21 के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 2439 कोचिंग ट्रेन की तुलना में इस वर्ष जून '22 के दौरान 4154 कोचिंग ट्रेन का परिचालन किया गया|

b) माह जून -22 के दौरान डीजल ट्रैक्शन खाते में एचएसडी तेल की खपत 3550.81 किलो लीटर है जो जून -21 में 2693.75 किलो लीटर की तुलना में 31.82% अधिक है। हालांकि प्रति लोको एचएसडी तेल की खपत जून -21 में 1.69 किलो लीटर थी, जबकि जून -22 में यह 2.48 किलो लीटर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 47.21% अधिक है।

ii) **नॉन- ट्रेक्शन ऊर्जा** :

a) द.पू.म.रेलवे मे 5.136 MWp रूफ टॉप सोलर का कार्य मार्च-2022 तक पूरा कर लिया गया है। इन सोलर उपकरणों ने जून'2022 के दौरान 4.38 लाख यूनिट्स का सफलतापूर्वक उत्पादन किया| जिसके फलस्वरूप ऊर्जा बिल में 12.2 लाख रूपये की बचत और जून'2022 के महीने के लिए 350 मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी हुई।

b) सौर ऊर्जा आधारित प्लांट की स्थिति:

- REMCL के सहयोग से रायपुर संभाग में भिलाई के पास रेलवे की भूमि पर 50 मेगावाट का सौर ऊर्जा आधारित प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिसका कार्य M/s Sherisha Rooftop Solar SPV Four Pvt. Limited, Kanchipuram (TN) द्वारा किया जा रहा है। कार्य पूर्णता की विस्तारित तिथि ***15.11.2022*** है|

c) इस माह के दौरान रु 1.03 लाख पावर फैक्टर इन्सेंटिव के आधार पर द.पू.म.रेलवे में बिजली बिल में बचत हुई।

2.5 कार्य योजना:

प्लान हेड-36 के अंतर्गत बजट अनुदान वर्ष 2022-23 के लिए रु. 23.32 Cr. है| माह जून '22 तक का कुल खर्च रु. 4.20 Cr. है जो कि बजट अनुदान का 18% है।